
आज़ादी का अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 04.03.2024 से 09.03.2024)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## एचपीपीसी और एचपीडब्ल्यूपीसी की बैठक

(दिनांक 04.03.2024)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में आज पावर वर्कर्स परचेज कमेटी की बैठक में दिल्ली–आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच–19 से डीएनडी –फरीदाबाद–बल्लभगढ़ बाईपास केएमपी लिंक तक एलिवेटिड रोड (सर्विस रोड के साथ) का निर्माण प्रोजेक्ट के लिए लगभग 163 करोड़ रुपये की मंजूरी प्रदान की। **बैठक में कुल 80 एजेंडे रखे गए और 76 एजेंडों को मंजूरी प्रदान की गई।** इसके अलावा, उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (एचपीपीसी), विभागीय उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (डीएचपीपीसी) और हाई पावर वर्कर्स परचेज कमेटी (एचपीडब्ल्यूपीसी) की बैठक में कुल 2352 करोड़ रुपये से अधिक के कॉन्ट्रेक्ट तथा विभिन्न वस्तुओं की खरीद को मंजूरी दी गई। बैठक में विभिन्न बोलीदाताओं से नेगोसिएशन के बाद दरें तय करके लगभग 74 करोड़ रुपये की बचत की गई है।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

बैठक में जिला हिसार के मंगाली में राजकीय कन्या महाविद्यालय के निर्माण हेतु एजेंडे को भी स्वीकृति प्रदान की गई। इस महाविद्यालय पर लगभग 14 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसके अलावा, जिला करनाल की नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्र में नीलोखेड़ी–खारसा–ढांड रोड पर एसवाईएल और एनबीके कनाल पर लगभग 26 करोड़ रुपये की लागत से 2 उच्च स्तरीय पुलों के निर्माण कार्य को भी मंजूरी प्रदान की गई। साथ ही, लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से जिला सिरसा के ऐलनाबाद में अनाज मंडी व लक्कड़ मंडी के विस्तार को भी स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक में गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) के तहत लगभग 190 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को मंजूरी दी गई। इसके अलावा, बैठक में जिला पंचकूला के सेक्टर–20 में स्थापित 18.24 एमएलडी क्षमता वाले सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के जीर्णोद्धार व उन्नयन कार्य को भी मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में जिला पलवल के गांव सुल्तानपुर के निकट लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से यमुना नदी पर अतिरिक्त रैनीवेल के निर्माण को भी मंजूरी प्रदान की गई।

जिला झज्जर के गांव छारा में स्वर्ण जयंती महाग्राम योजना के अंतर्गत सीवरेज सिस्टम के तहत 1 एसटीपी के निर्माण सहित अन्य कार्यों को स्वीकृति दी गई।

इसके अलावा, जिला रेवाड़ी के 16 गांवों को नहर आधारित जलापूर्ति हेतु अतिरिक्त स्टोरेज टैंक का निर्माण, चरखी दादरी में मौजूदा वॉटर वर्क्स का उन्नयन, रेवाड़ी के खाटेला में 14 गांवों और एक ढाणी को जलापूर्ति हेतु अतिरिक्त स्टोरेज टैंक का निर्माण कार्य को भी मंजूरी प्रदान की गई।

बैठक में हिसार व करनाल में नये रेस्ट हाउस, चरखी दादरी लघु सचिवालय में आवासीय भवनों का निर्माण, जिला परिषद रेवाड़ी के भवन का निर्माण, टोहाना में पंचायत भवन, ब्लॉक ऑफिस भवन व स्टाफ क्वार्टर का निर्माण कार्य को भी मंजूरी प्रदान की गई।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## फसलों में हुए नुकसान की जानकारी 15 मार्च, 2024 तक कर सकते है अपलोड

(दिनांक 04.03.2024)

प्रभाव : माननीय मुख्यमंत्री जी ने किसानों से अपील की है कि हाल ही में **प्रदेश में हुई बेमौसमी बरसात और औलावृष्टि के कारण हुए फसली नुकसान की जानकारी क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपलोड करें ताकि फसलों के नुकसान का आकलन किया जा सके।** उन्होंने कहा कि क्षतिपूर्ति पोर्टल www.eksatipurt.haryana.gov.in उपलब्ध है, जिस पर किसान अपनी फसलों में हुए नुकसान की जानकारी 15 मार्च, 2024 तक अपलोड कर सकते हैं।



# मंत्रिमंडल की बैठक

(दिनांक 05.03.2024)



**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में आज यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में विभिन्न योजनाओं को मंजूरी प्रदान कि गई जो निम्न प्रकार हैं।

## आवासीय भूमि या भूखंडों का मालिकाना देने वाली नीति बनाने को मंजूरी प्रदान।

हरियाणा निवासियों के अधिकारों को सशक्त बनाने और सुरक्षित भूमि अधिकार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गांव ढंढूर, पीरांवाली, झिरी (चिकनवास) और बबरान (बस्ती और डिग्गी ताल) चार गांवों में रहने वालों को आवासीय भूमि या भूखंडों का मालिकाना देने वाली नीति बनाने को मंजूरी दे दी गई है। इस नीति के तहत 31 मार्च, 2023 तक राजकीय पशुधन फार्म, हिसार से संबंधित 1873 कनाल 19 मरला भूमि पर निर्मित आवास वाले लोग स्वामित्व अधिकार के लिए पात्र होंगे। जिन लोगों ने 250 वर्ग गज तक की भूमि पर निर्माण किया है, उन्हें 2000 रुपये प्रति वर्ग गज का शुल्क चुकाने के बाद मालिकाना हक दिया जाएगा।

इसी प्रकार जिन लोगों ने 250 वर्ग गज से लेकर 1 कनाल तक के क्षेत्र में

निर्माण किया है, उन्हें 3000 रुपये प्रति वर्ग गज का भुगतान करने पर मालिकाना हक मिलेगा। इसके साथ ही 1 कनाल से 4 कनाल तक की संपत्ति वाले परिवारों को 4000 रुपये प्रति वर्ग गज के हिसाब से भुगतान करना होगा।

## यूएचबीवीएन के लिए 500 करोड़ रुपये की राज्य सरकार गारंटी प्रदान करने के लिए घटनोत्तर कि स्वीकृति प्रदान।

बैठक में उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड (यूएचबीवीएन) के 500 करोड़ रुपये के स्वीकृत कैपेक्स ऋण के पूंजीगत व्यय को पूरा करने के लिए पंजाब नेशनल बैंक के पक्ष में 500 करोड़ रुपये की राज्य सरकार की गारंटी प्रदान करने के प्रस्ताव को घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की।

निगम विभिन्न बैंकों द्वारा स्वीकृत फंड–आधारित और गैर–फंड–आधारित कार्यशील पूंजी सीमाओं का उपयोग करके अपने दैनिक कार्यों के संचालन का प्रबंधन करता है। फंड आधारित आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए यूएचबीवीएन ने बैंक से 500 करोड़ रुपये के कैपेक्स ऋण को मंजूरी देने का अनुरोध किया था और पंजाब नेशनल बैंक ने निगम के अनुरोध पर विचार कर 500 करोड़ रुपये का कैपेक्स ऋण स्वीकृत किया है।

## रियल एस्टेट एजेंटों के लिए पंजीकरण और नवीनीकरण शुल्क में संशोधन को दी मंजूरी।

मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण द्वारा गुरुग्राम और पंचकूला में रियल एस्टेट एजेंटों से लिए जाने वाले पंजीकरण शुल्क और नवीनीकरण शुल्क में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की।

संशोधित प्रावधानों के तहत एकल और स्वामित्व वाली फर्मों के लिए पंजीकरण शुल्क और नवीनीकरण शुल्क को पहले से निर्धारित क्रमशः 25,000 रुपये और 5,000 हजार रुपये से बढ़ाकर 50,000 रुपये और 10,000 रुपये किया गया है। इसके अलावा, एकल और स्वामित्व

वाली फर्मों के अतिरिक्त पंजीकरण शुल्क और नवीनीकरण शुल्क की राशि क्रमशः 2,50,000 रुपये और 50,000 रुपये की गई है।

**सातरोड खुर्द में नगर निगम, हिसार की 2998.20 वर्ग मीटर भूमि को भगवान वाल्मिकि अंबडेकर शिक्षा समिति (रजि.) हिसार को धर्मशाला / छात्रावास के निर्माण के लिए हस्तांतरित करने की मंजूरी प्रदान की।**

भगवान वाल्मिकी अंबेडकर शिक्षा समिति एक पंजीकृत समिति है और सक्रिय रूप से धर्मार्थ व समाज सेवा के साथ–साथ वंचित वर्ग के विशेषकर अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करा रहा है। यह गैर लाभ वाली संचालित समिति है और आस–पास के क्षेत्रों में शैक्षिक सुविधाओं को भी बढ़ावा दे रही है।

हरियाणा नगर निगम अधिनियम, 1994 की धारा 164 की उप धारा (सी ए) के प्रावधानों के अनुसार उक्त प्रस्तावित भूमि अर्थात 2998.20 वर्ग मीटर की कुल कीमत 80,90,885 रुपये (अस्सी लाख नब्बे हजार आठ सौ पचासी





रुपये) बनती है।

**हिन्दी आंदोलन–1957 के मातृभाषा सत्याग्रहियों और शुभ्र ज्योत्सना योजनाओं के तहत पेंशन राशि में बढ़ोतरी।**

बैठक में हिन्दी आंदोलन–1957 के मातृभाषा सत्याग्रहियों और हरियाणा राज्य शुभ्र ज्योत्सना पेंशन एवं अन्य सुविधाएं योजना, 2018 के तहत दी जाने वाली मासिक पेंशन राशि को 10,000 रुपये से बढ़ाकर 15,000 रुपये करने को मंजूरी दी गई। दोनों योजनाओं के तहत बढ़ी हुई मासिक पेंशन तुरंत प्रभाव से लागू होगी।

**नगर पालिका, कनीना की खसरा संख्या 207/9, 10 में स्थित 209 वर्ग मीटर भूमि को सेवा भारती हरियाणा प्रदेश पंजीकृत, कनीना को स्थायी धर्मार्थ स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण के लिए हस्तांतरित करने को मंजूरी प्रदान।**

यह निर्णय व्यापक जनहित को देखते हुए लिया गया है और सरकार ने सेवा भारती हरियाणा प्रदेश को 8 लाख 25 हजार रुपये की लागत पर उक्त भूमि प्रदान करने का निर्णय लिया है।

निर्णय के अनुसार सेवा भारती हरियाणा प्रदेश को स्थायी धर्मार्थ स्वास्थ्य केंद्र के

# साप्ताहिक सूचना पत्र

निर्माण के लिए आकस्मिक शुल्क, यदि कोई है तो भुगतान करना होगा।

**हरियाणा ग्राम शामलात भूमि (विनियमन) संशोधन विधेयक, 2024 के प्रारूप को दी स्वीकृति प्रदान।**

प्रस्तावित संशोधन के अनुसार, शामलात देह में भूमि का स्वामित्व, जो पूर्वी पंजाब भूमि उपयोग अधिनियम 1949 के तहत 20 साल की अवधि के लिए पट्टे के आधार पर आवंटित किया गया था और मूल आवंटी, हस्तांतरण करने वाला (ट्रांसफ्री) या उनके मूल आवंटी के खेती अधिकार में शामिल है और उनके कानूनी उत्तराधिकारी को तत्काल प्रभाव से शामलात देह के दायरे से बाहर रखा जाएगा।

इसके अलावा यह प्रस्तावित है कि मूल पट्टेदार, हस्तांतरण करने वाला (ट्रांसफ्री) या उनके कानूनी उत्तराधिकारी द्वारा संबंधित ग्राम पंचायत को एक निर्धारित राशि का भुगतान करना अवश्यक होगा।

कलेक्टर द्वारा सिद्धांतों और प्रक्रियाओं का पालन करते हुए आवेदक की प्रार्थना पर राशि निर्धारित की जाएगी।

इसके अलावा शामलात देह में ऐसी भूमि का स्वामित्व गांव के उन निवासियों को बिक्री द्वारा हस्तांतरित किया जाएगा, जिन्होंने 31 मार्च, 2004 को या खुली जगह सहित 500 वर्ग गज तक बाजार शुल्क से कम दर पर घरों का निर्माण किया है।

**मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के अध्याय–6 के तहत तैयार की गई 2016 की स्टेज कैरिज योजना में संशोधन को मंजूरी प्रदान।**

कुशल और किफायती परिवहन सेवाओं के प्रावधान को सुनिश्चित करने के लिए संशोधन के अनुसार, प्रस्तावित संशोधनों में रूटों की संख्या 265 से बढ़कर 362 कर दी गई है। इस विस्तार में रूटों को जोड़ना, बदलना और हटाना शामिल है, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक मांग को प्रभावी ढंग से पूरा करना है। इसके अलावा, राज्य

# साप्ताहिक सूचना पत्र



परिवहन उपक्रमों और निजी ऑपरेटरों दोनों के हितों को 50:50 के अनुपात में संतुलित करते हुए, प्रति रूट परमिट की संख्या पर एक सीमा लगाई गई है। उनके संबंधित जिलों के मौजूदा परमिट धारकों को प्राथमिकता दी जाएगी। ऐसे मामलों में जहां आवेदन किसी रूट के लिए अधिकतम परमिट से अधिक हैं, ड्रॉ के माध्यम से एक निष्पक्ष चयन प्रक्रिया लागू की जाएगी।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## करनाल में आयोजित लखपति दीदी महासम्मेलन

(दिनांक 06.03.2024)




**प्रभाव :** आज जिला करनाल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित लखपति दीदी महासम्मेलन को वर्चुअली संबोधित करते हुए **माननीय प्रधानमंत्री जी ने कहा कि केंद्र सरकार ने देशभर में 3 करोड़ महिलाओं–बहनों को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है।** गांव–गांव में जब लखपति दीदी बनेगी तो गांव की तस्वीर और तकदीर बदल जाएगी। महिलाओं की सुरक्षा–सशक्तिकरण मोदी की गारंटी है। देशभर में 1 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने में सफल हो चुके हैं। **इतना ही नहीं, मुद्रा योजना के तहत बिना गारंटी के ऋण लेकर स्वरोजगार स्थापित करने में भी महिलाएं आगे हैं।** उन्होंने कहा कि नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत भी महिलाओं को ड्रोन पायलट की ट्रेनिंग दी जा रही है और उन्हें ड्रोन भी दिये जाएंगे। इसका उपयोग कृषि क्षेत्र में होगा, जिससे न केवल कृषि आधुनिक होगी तो वहीं बहनों को अतिरिक्त आय भी होगी। उन्होंने कहा कि हमने बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान चलाया,

# साप्ताहिक सूचना पत्र

जिससे लाखों बेटियों का जीवन हमने बचाया है। विकसित भारत बनाने के लिए नारी शक्ति को ज्यादा से ज्यादा अवसर देना जरूरी है और इस दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित करते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज का दिन बड़ा सौभाग्यशाली है, जब देश की आधी आबादी अर्थात महिलाओं के कल्याण हेतु माननीय प्रधानमंत्री जी ने जिस प्रकार की योजनाएं बनाई है, ऐसा विचार कभी किसी के मन में नहीं आया था और आज लखपति दीदी महासम्मेलन के रूप में इस कार्यक्रम का आयोजन अपने आप में अनूठा कार्यक्रम है। उन्होंने लखपति दीदी योजना के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आज **हरियाणा में 132 स्थानों पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है और माननीय प्रधानमंत्री जी के लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य में हरियाणा की ओर से भी सहभागिता की जाएगी।** हरियाणा में 3 लाख बहनों को लखपति दीदी बनाया जाएगा। **इसके अलावा, राज्य में 5000 बहनों को ड्रोन की ट्रेनिंग भी दी जाएगी। प्रथम चरण में 500 स्वयं सहायता समूहों को चयनित किया गया है और हर ग्रुप में 10 महिलाओं को ड्रोन की ट्रेनिंग दी जाएगी।** इस कार्यक्रम के अंतर्गत 102 बहनों को ड्रोन की ट्रेनिंग प्रदान करके विभिन्न विभागों में काम भी दिलवाया गया है।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना पोर्टल की शुरूआत

(दिनांक 06.03.2024)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी आज बुधवार को करनाल में मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत प्रभु **श्रीराम लला के दर्शन के लिए करनाल से अयोध्या जाने वाली तीर्थ यात्रियों की बस को हरी झंडी** दिखाकर रवाना करने के उपरांत मीडिया से बातचीत कर कहा कि श्रद्धालुओं को अयोध्या दर्शन, श्री हरमिंद्र साहिब गुरुद्वारा, श्री पटना साहिब गुरुद्वारा, काशी–विश्वनाथ के दर्शन करवाने के लिए **हरियाणा सरकार ने मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के अंतर्गत एक पोर्टल की शुरूआत की है। इस पोर्टल पर पंजीकृत श्रद्धालुओं को सरकार की ओर से निःशुल्क यात्रा करवाई जाएगी।** पोर्टल पर अब तक करीब 700 श्रद्धालु अपना पंजीकरण करवा चुके हैं।

उन्होंने कहा कि पोर्टल पर पंजीकृत यात्रियों को अयोध्या दर्शन, श्री हरमिंद्र साहिब गुरुद्वारा, श्री पटना साहिब गुरुद्वारा, काशी–विश्वनाथ मन्दिरों का दर्शन करवाया जाना शामिल है। इसके अलावा अन्य तीर्थ स्थानों के लिए भी धीरे–धीरे पोर्टल खोलेंगे ताकि और तीर्थयात्री जो देश में अन्य तीर्थस्थानों पर जाने के इच्छुक हैं, वे अपना रजिस्ट्रेशन कर सकें।

अभी रजिस्ट्रेशन के लिए 1 लाख 80 हजार रुपये सालाना से कम आय वाले तथा 60 वर्ष से ऊपर के लोगों के लिए यह सुविधा निःशुल्क दी जा रही है। **माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि लोगों की इच्छा थी कि वे अयोध्या जाकर राम मन्दिर के दर्शन करें, इसलिए हरियाणा सरकार ने योजनाबद्ध तरीके से मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना की घोषणा की,** जिसका श्रीगणेश बुधवार 6 मार्च को करनाल की पावन धरा से किया गया है। पहली बस में करीब 52 तीर्थयात्रियों को अयोध्या के लिए रवाना किया गया।

# 4223 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास

(दिनांक 07.03.2024)

प्रभाव : माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज जिला **पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह के दौरान प्रदेशवासियों को लगभग 4223 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं समर्पित** करने के उपरांत प्रदेश की जनता को वर्चुअली संबोधित कर कहा कि **पंचकूला वासियों को जल्द ही मेट्रो की सौगात मिलेगी।** ट्राईसिटी यानि पंचकूला, चंडीगढ़ व मोहाली के लिए मेट्रो का प्रोजेक्ट बन रहा है। पंचकूला की प्रगति निरंतर हो रही है और चंडीगढ़ में बने एयरपोर्ट का लाभ भी पंचकूला को मिल रहा है। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने समस्त प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि व अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के






वर्चुअल माध्यम से एक साथ सभी जिलों के लिए परियोजनाओं का उद्‌घाटन व शिलान्यास करने के कार्यक्रम पहले भी आठ बार हो चुके हैं और इन आठों कार्यक्रमों को मिलाकर कुल 1612 परियोजनाओं को जनता को समर्पित किया गया है, जिनकी कुल लागत 17,203 करोड़ रुपये है। आज का यह नौंवां कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का एक कार्यक्रम मई या जून माह में दोबारा किया जाएगा, उस समय भी करोड़ों रुपये की परियोजनाएं जनता को समर्पित की जाएंगी।

उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश व प्रदेश में इन्फ्रास्ट्रक्चर की जितनी नई परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्‌घाटन हुआ है, उतना पहले कभी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा की थी, जिसके तहत आज अधिकतर जिलों में मेडिकल कॉलेज बन गए हैं। इसके अलावा, हर जिले में नागरिक अस्पतालों का विस्तार कर 200 बैड का अस्पताल बनाने की योजनाएं भी बन चुकी हैं। हमारी सरकार ने हर 20 किलोमीटर के दायरे में एक कॉलेज स्थापित किया है, ताकि लड़कियों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए अधिक दूरी तय न करनी पड़े।

**उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्री श्री नीतिन गडकरी जी का सड़क तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में लगभग 60,000 करोड़ रुपये की सड़कें बनाई जा चुकी हैं।** इतना ही नहीं, आगामी 11 मार्च, 2024 को माननीय प्रधानमंत्री जी

# साप्ताहिक सूचना पत्र



द्वारका एक्सप्रेस–वे का उद्घाटन करेंगे, यह लगभग 7000 करोड़ रुपये की परियोजना है। **इसके उपरान्त माननीय मुख्यमंत्री जी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यतः 20 बड़ी परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया।** साथ ही, अन्य सभी जिलों में आयोजित जिला स्तरीय समारोहों में मंत्रीगण, सांसदों व विधायकों ने परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इनमें **सभी 22 जिलों में करीब 3623 करोड़ रुपये से अधिक की 679 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास तथा लगभग 600 करोड़ रुपये के बजट के साथ हरियाणा अंत्योदय परिवारों को हरियाणा रोडवेज की बसों में एक साल की अवधि में 1000 किलोमीटर तक मुफ्त यात्रा की सुविधा प्रदान करने के लिए हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना (हैप्पी) का शुभारंभ शामिल है।** माननीय मुख्यमंत्री

# साप्ताहिक सूचना पत्र

जी ने समारोह में 'प्ले–वे स्कूल' पहल के तहत 59 मॉडल प्ले–स्कूलों का भी उदघाटन किया। प्ले–वे स्कूल बच्चे के जीवन के शुरुआती चरणों से सुलभ, समावेशी और उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने के लिए सरकार के अटूट समर्पण को दर्शाता है। माननीय **मुख्यमंत्री जी की घोषणा के तहत 4000 आंगनवाड़ी केंद्रों को उन्नत शिक्षण सामग्री, प्री–स्कूल शिक्षा किट से लैस करके और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करके 'प्ले–वे स्कूल' में अपग्रेड किया गया था।** इसी के तहत 59 ऐसे प्ले–स्कूलों का नवीनीकरण कर मॉडल स्कूल बनाया गया है, जिनमें बीएएलए (लर्निंग एड्स के रूप में बिल्डिंग) जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित क्लासरूम सहित अन्य सुविधायें हैं। इन स्कूलों में प्रत्येक बच्चे अपनी रचनात्मकता और क्षमता को सशक्त करने में सक्षम होंगे। **राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत 3 से 5 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए रूपरेखा तैयार की गई है।**



# प्रशासनिक सचिवों की बैठक

(दिनांक 07.03.2024)

प्रभाव : माननीय मुख्यमंत्री जी ने यहां **प्रशासनिक सचिवों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिए कि जनसंवाद व सीएम विंडो पर आने वाली शिकायतों का निपटान शीघ्र करें, ताकि प्रदेश के लोगों को सहूलियत मिल सके।** प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि सरकार की योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचे, इसी को ध्यान में रखते हुए योजनाओं को समयबद्ध तरीके से फलीभूत करने का भी काम किया जाए। उन्होंने कहा कि लोगों की सुविधाओं व कार्यों में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार विभागों की कार्यप्रणाली को आटो मोड़ पर ला रही है, जो कि देश में एक नजीर होगी। उन्होंने टूरिजम, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, पर्यावरण विभाग सहित अन्य विभागों में आई शिकायतों के बारे में जानकारी ली। **उन्होंने कहा कि जो भी विषय विभागों के पास पालिसी बनाने से संबंधित आते हैं, उसको मापदंड के तहत पूरा किया जाए, ताकि जनता को इसका लाभ मिल सके।** माननीय मुख्यमंत्री जी घोषणा के तहत जो भी योजनाएं लंबित हैं, उनकी अड़चनों को दूर कर पूरा करवाया जाए।



# पंचकूला और करनाल में सिटी बस सेवा का शुभारंभ

(दिनांक 08.03.2024)

प्रभाव : माननीय मुख्यमंत्री जी ने ने आज **पंचकूला और करनाल के लिए इलेक्ट्रिक सिटी बस सेवा का शुभारंभ किया।** उन्होंने इस मौके पर पहले सात दिन इलेक्ट्रिक सिटी बस सेवा मुफ्त करने की घोषणा की।

उन्होंने कार्यक्रम को वर्चुअली सम्बोधित करते हुए कहा कि आज महाशिवरात्रि पर्व है, यह कोशिश की जाए कि **आज इलेक्ट्रिक सिटी बसें शहर के शिव मंदिरों के पास से होकर गुजरें ताकि श्रद्धालुओं को भी इसका फायदा मिल सके।** उन्होंने पंचकूला और करनाल के लोगों को सिटी बस सेवा आरंभ होने पर शुभकामनायें और बधाई भी दी।

पंचकूला और करनाल में फिलहाल इलेक्ट्रिक सिटी बस सेवा में 5–5 बसों को शामिल किया गया है। **45 सीटर इन इलैक्ट्रिक बसों के लिये पहले 5**



**किलोमीटर तक दस रुपये किराया निर्धारित किया गया है। उसके बाद हर तीन किमी पर किराये में 5 रुपये की वृद्धि होगी।** उन्होंने बताया कि इससे पहले यह सुविधा पानीपत और यमुनानगर में आरम्भ की जा चुकी है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने अपने वर्ष 2023–2024 के बजट अभिभाषण के दौरान घोषणा की थी कि प्रदेश के 9 नगर निगमों और रेवाड़ी शहर में सिटी बस सेवा शुरू की जाएगी।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## (नूंह) स्थित राजकीय महाविद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह

(दिनांक 09.03.2024)



**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी आज शहीद राजा हसन खां मेवाती के सम्मान में नगीना **(नूंह) स्थित राजकीय महाविद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पधार कर शहीद राजा हसन खां मेवाती की 15 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया।**

उन्होंने राजा हसन खां मेवाती की शहादत को याद करके उन्हें अपने श्रृद्धा सुमन अर्पित किए। आयोजित **राज्य स्तरीय समारोह में नूंह ज़िले के लिए लगभग 700 करोड़ रूपए की विकासात्मक परियोजनाओं की घोषणा** करते हुए कहा कि इस इलाके की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में पूरा विकास करवाया जाएगा।

पिछली सरकारों की तरह इस क्षेत्र के साथ कोई भेदभाव नहीं होगा। मेवात के लिए किये गए विकास कार्यों का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षों में लगभग 5000 करोड़ रूपए के विकास के काम यहाँ करवाए जा चुके हैं।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

उन्होंने कहा कि आपको कुछ मांगने की जरूरत ही नहीं है। वो जानते हैं कि मेवात के लोगों कि जरुरत क्या है। **इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने शहीद राजा हसन खां मेवाती के नाम पर शहीद हसन खां मेवाती मेडिकल कॉलेज, नूहं में शोध के लिए चेयर स्थापित करने की घोषणा की।**

साथ ही पूर्व विधायक और राज्य वक़्फ़ बोर्ड के अध्यक्ष चौधरी जाकिर हुसैन की अध्यक्षता में विकास कार्यो के लिए शहीद हसन खां मेवाती के नाम से 5 सदस्यीय समिति बनाने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त, सेम की समस्या से निपटने के लिए 2 करोड़ रूपए के राशि से 18 ट्यूबवेल की स्थापना, पशु पॉलीक्लिनिक की स्थापना के लिए 10 करोड़ रूपए, सिंचाई के तहत माइक्रो प्रोजेक्ट और सौर ऊर्जा के कामों के लिए 18 करोड़ रूपए, गुडगाँव नहर राजस्थान बीकानेर के साथ पुल निर्माण व चौड़ीकरण सहित अन्य पुनर्वास कार्यों के लिए 43 करोड़ रूपए, 33 तालाबों के सौन्दर्यीकरण और पुनर्स्थापना के लिए 64 करोड़ रूपए, 20 इ–लाइब्रेरी की स्थापना, 150 करोड़ की लागत से तावडू का PWD गेस्ट हाउस, फ़िरोज़पुर झिरका, तावडू सब डिविज़न कार्यालय, नूंह सचिवालय का अतिरिक्त खंड की स्थापना, पहले से संचालित 7 राजीव गाँधी खेल स्टेडियम के सभी सुविधाएँ उपलब्ध करवाने के लिए 10 करोड़ रूपए मंजूर करने सहित सड़क एवं आधारभूत ढांचा विकास के कार्यों के लिए करोड रूपए मंजूर करने की घोषणा की।

इस अवसर पर **उन्होंने महिला एवं विकास विभाग द्वारा 9 से 23 मार्च 2024 तक चलाये जाने वाले पोषण पखवाड़ा का भी शुभारम्भ किया।** इसका उद्देश्य पोषण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और जन भागीदारी के माध्यम से स्वस्थ भोजन की आदतों को बढ़ावा देना है। **इसके तहत नूह ज़िले के 4 ब्लॉक में 6 महीने से 5 साल की आयु के गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को आर्थोनट प्रदान किया जायेगा।**

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## मेवात के गांव घासेड़ा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का नवनिर्मित प्रतिमा का अनावरण

(दिनांक 09.03.2024)




प्रभाव : माननीय मुख्यमंत्री जी ने शनिवार को **नूंह जिला के ऐतिहासिक गांव घासेड़ा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की याद में साढ़े आठ फुट उंची बनाई गई नवनिर्मित प्रतिमा का अनावरण कर माल्यार्पण किया।**

उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन करते हुए कहा कि महात्मा गांधी जी का 19 दिसंबर 1947 को बाबा–ए–कौम चौधरी मोहम्मद यासीन खां तथा मेवात के अन्य चौधरियों व नेताओं के आह्वान पर मेवात के ऐतिहासिक गांव घासेड़ा में आगमन हुआ था।

उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि **राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने मेव कौम को देशभक्ति की मिसाल**

# साप्ताहिक सूचना पत्र



**और देश की रीढ़ की हड्डी बताते हुए उन्हें पाकिस्तान जाने से रोका था।** उन्होंने मेवों को पूरा मान–सम्मान व उनका हक दिलाने का आश्वासन देते हुए उनसे हिंदुस्तान में ही रहने के लिए कहा था। इस मौके पर **माननीय मुख्यमंत्री जी ने जिला नूंह की ग्राम पंचायत घासेड़ा में एक पार्क का भी विधिवत उद्घाटन किया।** उन्होंने कहा कि इस पार्क के निर्माण से यहां के स्थानीय लोगों को निश्चित तौर पर लाभ मिलेगा। बुजुर्ग, बच्चे, महिलाएं व युवा अपने व्यस्त जीवन में से समय निकालकर यहां सुबह–सायं सैर करके अपने स्वास्थ्य को निरोगी बनाने में सक्षम बनेंगे। **इस मौके पर उन्होंने गांव में खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए खेल स्टेडियम बनाने की भी घोषणा की।** कार्यक्रम में पहुंचने पर ग्राम पंचायत घासेड़ा समेत आस–पास के अनेक गांवों के गणमान्य लोगों ने माननीय मुख्यमंत्री जी का फूल मालाएं पहनाकर व पगड़ी बांधकर परंपरागत तरीके से भव्य स्वागत व्यक्त किया।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## जिला बार एसोसिएशन नूंह में वकीलों के लिए चौंबर के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास

(दिनांक 09.03.2024)



प्रभाव : माननीय मुख्यमंत्री जी शनिवार को **जिला बार एसोसिएशन नूंह में वकीलों के लिए बनाए जाने वाले चौंबर के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया।** उन्होंने कहा कि अन्य जिलों की भांति जिला नूंह में भी वकीलों को चौंबर की सुविधा मुहैया करवाई जाएगी। उन्होंने न्यायालय परिसर में चौंबर निर्माण कार्य के शिलान्यास के अवसर पर अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि चौंबर बनने से वकीलों के लिए केस की तैयारी करने हेतु एक सुव्यवस्थित माहौल तैयार होगा। चौंबर का निर्माण करवाना यहां के वकीलों की पुरानी मांग थी। लगभग 5 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले चौंबर भवन में करीब 115 कमरे बनाए जाएंगे, जहां 230 अधिवक्ता बैठकर अपने केसों की तैयारी कर सकेंगे। **उन्होंने जिला बार एसोसिएशन को 21 लाख रुपये और सब डिविजनल बार संगठनों के लिए 5 –5 लाख रुपये की ग्रांट देने की घोषणा की।**